**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## राज्यपाल ने यांगून में विख्यात बौद्ध पैगोडा के दर्शन किए
## आज लखनऊ पहुंच रहे हैं राज्यपाल राम नाईक

लखनऊः 7 अगस्त, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज म्यांमार में यांगून स्थित प्राचीन विख्यात श्वेदागौन पैगोडा का भ्रमण कर दर्शन किया। श्वेदागौन पैगोडा की बौद्ध धार्मिक स्थल के रूप में मान्यता है। राज्यपाल ने पैगोडा के दर्शन के पश्चात् प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत और म्यांमार के बीच धार्मिक एवं आध्यात्मिक सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। इससे दोनों देशों के बीच सदैव मित्रता बनी रहेगी तथा दोनों देश एक-दूसरे को सभी क्षेत्रों में सहयोग करते रहेंगे।

राज्यपाल राम नाईक को म्यांमार दौर से उनकी वापसी पर म्यांमार के वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री श्री थान मिंट ने यांगून हवाई अड्डे पर विदाई दी। राज्यपाल आज रात्रि लखनऊ पहुंच रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल राम नाईक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'संवाद-II' में प्रतिभाग करने हेतु 4 से 7 अगस्त, 2017 तक म्यांमार दौर पर थे जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रतिभाग किया था।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (293/9)